# कार्यालय पुलिस अधीक्षक जनपद फतेहपुर

## प्रेस- नोट, जनपद फतेहपुर

दिनांक 23.07.2026

## थाना कोतवाली पुलिस द्वारा एटीएम मशीन के साथ छेड़छाड़ कर चोरी का प्रयास करने के अभियोग में प्रकाश में आए वांछित अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार।

**घटना का संक्षिप्त विवरण-** दिनांक 22.07.2026 को वादी श्री दिग्विजय सिंह पुत्र श्री हरेंद्र बहादुर सिंह ब्रांच मैनेजर, बैंक ऑफ बडौदा, मेन जीटीरोड़ शाखा खेलदार, थाना कोतवाली जनपद फतेहपुर द्वारा थाना कोतवाली पर सूचना दी गई कि दिनांक 22.07.2026 को समय करीब 02.00 बजे अज्ञात व्यक्ति द्वारा बैंक ऑफ बडौदा परिसर में लगी कैश डिपाजिट और एटीएम मशीन वाले हिस्से में प्रवेश किया और उसने एटीएम मशीन के साथ छेड़छाड़ की और चोरी के इरादे से कैश डिपोजिट मशीन का कैश डोर खोलने की कोशिश की। वादी द्वारा दी गई तहरीरी सूचना के आधार पर थाना कोतवाली पर मु0अ0स0 338/2026 धारा 305/62 बीएनएस बनाम अज्ञात पंजीकृत किया गया।

**गिरफ्तारी का विवरण:-** श्रीमान पुलिस अधीक्षक फतेहपुर श्री अभिमन्यु मांगलिक के निर्देशन में वांछित/वारण्टियों की गिरफ्तारी व अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में व श्रीमान् अपर पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन में एवं श्रीमान क्षेत्राधिकारी नगर के कुशल पर्यवेक्षण में थाना कोतवाली पुलिस द्वारा आज दिनांक 23.07.2026 को उपरोक्त अभियोग की विवेचनात्मक कार्यवाही, सुरागसी-पतारसी एवं मुखबिर खास की सूचना पर अभियुक्त मोहम्मद फहीम पुत्र हलीम अहमद निवासी जीटी रोड सदर अस्पताल के पास थाना कोतवाली जनपद फतेहपुर उम्र करीब 20 वर्ष को किया गया गिरफ्तार। विवेचना के दौरान साक्ष्यों के आधार पर उक्त अभियोग में धारा 331(4)/324(4) बीएनएस की बढोत्तरी की गई। गिरफ्तार अभियुक्त को आवश्यक विधिक कार्यवाही उपरान्त माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

**गिरफ्तार अभियुक्त का नाम पता-**

मोहम्मद फहीम पुत्र हलीम अहमद निवासी जीटी रोड सदर अस्पताल के पास थाना कोतवाली जनपद फतेहपुर उम्र करीब 20 वर्ष।

**गिरफ्तारी करने वाली टीम-**

1.प्र0नि0 हेमन्त कुमार मिश्र थाना कोतवाली जनपद फतेहपुर
2. उ0नि0 विजय बहादुर सिंह
3. का0 इन्द्रेश कुमार
4. रि0कां0 आदित्य मौर्या

**मीडिया सेल**
**जनपद फतेहपुर**